CMYK


# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 259 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 20 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## पंजाब-राजस्थान में पानी पर बड़ा विवादः 1.44 लाख करोड़ बकाया का दावा

### सीएम भगवंत मान बोले या पैसा चुकाओ, या पंजाब का पानी लेना बंद करो

**भीलवाड़ा फोकस @ चंडीगढ़ ।**





पंजाब और राजस्थान के बीच पानी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राजस्थान पर पिछले छह दशकों से पानी का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए करीब 1.44 लाख करोड़ रुपए बकाया होने का दावा किया है। उन्होंने साफ कहा कि या तो राजस्थान यह राशि चुकाए या फिर पंजाब से पानी लेना बंद कर दे।

चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए मान ने कहा कि पानी आपूर्ति का यह मुद्दा 1920 के ब्रिटिश कालीन समझौते से जुड़ा है। उस समय बीकानेर के महाराजा और बहावलपुर रियासत (अब पाकिस्तान) के बीच हुए समझौते के तहत राजस्थान को पानी देने के बदले प्रति एकड़ के हिसाब से शुल्क तय किया गया था, जिसका भुगतान 1960 तक होता रहा। मान के अनुसार, सिंधु जल संधि (इंडस ट्रीटी) लागू होने के बाद राजस्थान ने पानी लेना तो जारी रखा, लेकिन भुगतान बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज भी लगभग 18,000 क्यूसेक पानी ले रहा है, लेकिन वर्षों से कोई भुगतान नहीं किया गया, जिससे कुल बकाया राशि 1.44 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने तर्क दिया कि यदि राजस्थान 1960 के बाद के कानूनों का हवाला देकर भुगतान से बचता है, तो उसे 1920 के समझौते के आधार पर पानी लेना भी बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'पानी भी चाहिए और भुगतान भी नहीं करना चाहते, यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा। मान ने यह भी कहा कि सतलुज-यमुना लिंक (SYL) नहर के जरिए पानी की मांग करने वाला राज्य इस बड़े बकाया मुद्दे पर चुप है, जो आश्चर्यजनक है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर चर्चा के लिए राजस्थान सरकार को औपचारिक पत्र लिखकर बैठक का प्रस्ताव भेजा गया है।


पंजाब सरकार अब इस मुद्दे को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाने की तैयारी में है, जिससे दोनों राज्यों के बीच जल विवाद और गहरा सकता है।

## सिंगोली श्याम में फूलडोल महोत्सव की धूम, रजत रथ पर विराजे चारभुजा नाथ

### अबीर-गुलाल व पुष्पवर्षा के बीच निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**





मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंगोली श्याम में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव के तहत गुरुवार को आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। चारभुजा नाथ की भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।महोत्सव के तहत पुजारी परिवार द्वारा भगवान चारभुजा नाथ को स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित किया गया। इसके बाद हरिप्रसाद पाराशर ने महाआरती कर भगवान को कंधों पर उठाकर रजत रथ तक लाया गया, जहां उन्हें सिंगोली श्याम सेवा संस्थान द्वारा निर्मित 86 किलो वजनी रजत रथ में विराजित किया गया। करीब एक करोड़ की लागत से बना यह रथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा के दौरान चार सुसज्जित अश्वों द्वारा रजत रथ को खींचा गया। श्रद्धालु 'चारभुजा नाथ की जय' के जयकारों के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में अबीर-गुलाल और पुष्पवर्षा से वातावरण रंगमय हो गया। सुसज्जित हाथी, घोड़े, ऊंट, नासिक एवं मशक बैंड तथा हेरतगंज अखाड़े के प्रदर्शन ने शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ाया। सिंगोली श्याम मित्र मंडल द्वारा ड्रोन व तोपों से पुष्प, इत्र व गुलाल की वर्षा की गई, वहीं हल्की बूंदाबांदी ने आयोजन की शोभा में चार चांद लगा दिए। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई पथवारी चौक, छतरी चौक एवं अन्य स्थानों पर पहुंची, जहां भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद, शीतल पेय एवं अल्पाहार वितरित किया गया। शोभायात्रा के दौरान कस्बे में घर-घर के बाहर भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। रात्रि में शोभायात्रा मेला प्रांगण स्थित रंगमंच पर पहुंची, जहां चारभुजा नाथ को विराजित कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक छोटू सिंह रावणा, सुरभि चतुर्वेदी, नरेश प्रजापत एवं लेहरू दास वैष्णव ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। मध्यरात्रि में नवसंवत्सर मनाते हुए मिश्री-नीम का प्रसाद वितरित किया गया।

मेला सुझाव समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, देवस्थान विभाग निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी, भंडारी सुरेंद्र पाराशर सहित सिंगोली श्याम सेवा संस्थान के पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे रहे।


## जोगणिया माता शक्तिपीठ में धूमधाम से हुआ चैत्र नवरात्र का आगाज

### ध्वजारोहण व महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर





**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।**




**दिनेश गुर्जर ।** क्षेत्र के प्रसिद्ध जोगणिया माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार को विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन ही मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

नवरात्र स्थापना के उपरांत माता रानी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना करते नजर आए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश धाकड़ भी मौजूद रहे। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संस्थान की सराहना की और कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर प्रबंधन किया गया है।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने बताया कि नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

कार्यक्रम में मेंड़केश्वर महादेव के महंत नंदकिशोर दास, महंत यति महाराज, महंत बालक दास सहित कई संत-महात्मा उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया, तहसीलदार गोपाल जीनगर, उप तहसीलदार विष्णु यादव, थाना अधिकारी कमलचंद मीणा, वनपाल रामनारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

इसके अलावा संस्थान से जुड़े प्रेमचंद धाकड़, कुणाल व्यास, कन्हैयालाल मेवाड़ा, सूरजमल गुर्जर, सरपंच राजकुमार सेन, बख्तावर सिंह, प्रभुलाल धाकड़, मदन गोपाल चेची, शंभूलाल, सीताराम धाकड़, लक्ष्मण धाकड़, बालू सुथार, रूपलाल धाकड़, मुकेश आमेटा, कमल गुर्जर, शांतिलाल धाकड़, लेखाकार धनराज छीपा, व्यवस्थापक शंकरलाल धाबाई, महेंद्र सोलंकी, बरदा गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## टेम्पो पलटने से दो युवक फंसे, स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाला



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**(नरेश धाकड़ )** विक्रमपुरा पुलिया के पास गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर फल-फ्रूट से भरा एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेम्पो में सवार दो युवक बुरी तरह फंस गए।

घटना की सूचना मिलते ही पास स्थित चारभुजा पैलेस के नरेश धाकड़ सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में अन्य साथी भी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार टेम्पो कोटा से फल-फ्रूट लेकर मांडलगढ़ जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हो गया। फिलहाल दुर्घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है ।

## 15 लाख की अफीम के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, फिल्मी स्टाइल में नाकाबंदी तोड़ भाग रही ब्रेजा को घेरा

### ब्रैजा कार में हो रहा था अवैध परिवहन, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत।** जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगरोप थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर घेराबंदी कर पंजाब नंबर की एक ब्रेजा कार से 3 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है।

**आधी रात को नाकाबंदी तोड़ भागने का प्रयास**

घटना बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि करीब 2.25 बजे की है। डीएसटी के कांस्टेबल रमेश कुमार को सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ की ओर से एक सिल्वर कलर की ब्रेजा कार संदिग्ध माल लेकर भीलवाड़ा की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही मंगरोप थानाधिकारी विजय मीणा ने मय जाब्ता गुवारडी नाला के पास नाकाबंदी शुरू की।

जैसे ही संदिग्ध कार आती दिखी, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन तस्करों ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और नाकाबंदी तोड़कर सर्विस रोड पर भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए गाड़ी का पीछा किया और मंडपिया स्टेशन अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

**पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, कार में छिपा रखी थी अफीम**

पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो उसमें से तीन पारदर्शी प्लास्टिक थैलियों में भरी 3 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके से कार को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में हरपेन्द्र सिंह (42) पुत्र रघुवीर सिंह, निवासी रायकोट, जिला लुधियाना (पंजाब) और हरमनजोत (20) पुत्र स्व. दलजीत सिंह, निवासी कुतवा, जिला बरनाला (पंजाब) शामिल हैं।

**इनकी रही विशेष भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल, मंगरोप थानाधिकारी विजय मीणा, सहायक उप निरीक्षक नारायण लाल, कांस्टेबल राकेश, धोलाराम और भगवान लाल शामिल रहे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहाँ से लाई गई थी और पंजाब में किसे सप्लाई की जानी थी।

## एसडीएम-डीएसपी ने मांडलगढ़ से सिंगोली तक की पैदल यात्रा, दिया सौहार्द का संदेश

### ग्रामीणों से संवाद कर भाईचारे की अपील, चारभुजा मंदिर में महाआरती में हुए शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**





क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और खुशहाली का संदेश देने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई ने मांडलगढ़ से सिंगोली तक पैदल यात्रा कर एक सकारात्मक पहल प्रस्तुत की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर शांति, भाईचारे और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

पैदल यात्रा के दौरान ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह अधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों ने लोगों से क्षेत्र के विकास, शांति व्यवस्था और सामाजिक समरसता को लेकर चर्चा करते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई।

सिंगोली चारभुजा पहुंचने पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने दोनों अधिकारियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात एसडीएम और डीएसपी ने प्रसिद्ध चारभुजा मंदिर में आयोजित फूलडोल महोत्सव में भाग लिया। धार्मिक माहौल के बीच उन्होंने भजन-कीर्तन का आनंद लिया और भगवान चारभुजा की महाआरती में शामिल होकर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा प्रशासन क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा और प्रशासनिक अधिकारियों की इस पहल की आमजन द्वारा सराहना की गई।

CMYK

# पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू को राष्ट्रीय स्तर का 'अनिरुद्ध भार्गव पर्यावरण पुरस्कार'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



इंटेक मुख्यालय दिल्ली में आयोजित एनुअल जनरल मीटिंग के दौरान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले इंटेक भीलवाड़ा कन्वीनर एवं पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अनिरुद्ध भार्गव पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किया गया।

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक) द्वारा यह सम्मान उनके आजीवन समर्पण, निष्ठा और प्रभावशाली कार्यों के लिए दिया गया। समारोह में इंटैक चेयरमैन अशोक ठाकुर, मेंबर सेक्रेटरी डॉ. रविन्द्र सिंह एवं चैप्टर्स डिवीजन डायरेक्टर अरविंद शुक्ला ने उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख रुपये का चेक भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उनकी पत्नी सुशीला जाजू एवं पुत्री अस्मिता चौधरी भी मौजूद रहीं। देशभर के विभिन्न इंटैक चैप्टर्स के उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर जाजू का चयन किया गया।

उल्लेखनीय है कि बाबूलाल जाजू वर्षों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण, नदियों व जल स्रोतों के पुनर्जीवन, पौधारोपण, जंगलों के संरक्षण, जलाशयों के पुनरुद्धार एवं हरित आवरण बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही पशु कल्याण के क्षेत्र में भी उनका कार्य सराहनीय रहा है।

समारोह में इंटेक एजुकेशन डायरेक्टर पूर्णिमा दत्त, प्राकृतिक विरासत निदेशक मनु भटनागर सहित देशभर से आए विभिन्न चैप्टर कन्वीनरों ने जाजू को शुभकामनाएं दीं।

# पद्मश्री विभूषित आचार्य नित्यानंद सूरीश्वर का भीलवाड़ा आगमन

## श्रद्धालुओं ने लिए दर्शन-आशीर्वाद, विधायक कोठारी बोले पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

चित्तौड़ रोड स्थित होटल द व्हाइट सीजन्स में पद्मश्री विभूषित जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर म.सा. का अल्प प्रवास हुआ। वे संपतराज चपलोत के आमंत्रण पर भीलवाड़ा पहुंचे। गुरुदेव के दर्शन के लिए सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक कोठारी ने कहा कि गुरुदेव का आगमन क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है, उनके संदेश से समाज में धर्म, संयम और संस्कृति की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर मुनि मोक्षानंद विजय ने जैन धर्म की तप, त्याग और संयम पर आधारित परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुदेव अब तक देशभर में व्यापक पदयात्रा कर चुके हैं और लोककल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं।

भीलवाड़ा प्रवास के बाद गुरुदेव चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हुए आगामी चातुर्मास के लिए बैंगलोर पहुंचेंगे।

# सखी सहेली ग्रुप ने धूमधाम से निकाली गणगौर सवारी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सखी सहेली ग्रुप द्वारा गणगौर महोत्सव पर भव्य बिंदोरा एवं सवारी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणगौर माता की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद सवारी निकाली गई।

पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने लोकगीतों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। गणगौर माता व ईश्वरजी का आकर्षक श्रृंगार भी विशेष आकर्षण रहा।

प्रीति लोहिया परिवार द्वारा बिंदोरा दिया गया। सवारी का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

# फूलडोल महोत्सव का आगाज कवि सम्मेलन से, काव्य की फुहारों में सराबोर हुआ सिंगोली

## देशभर के कवियों ने वीर, भक्ति व हास्य रस से बांधा समां, देर रात तक गूंजती रही तालियां



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

प्रसिद्ध सिंगोली चारभुजा में आयोजित त्रिदिवसीय फूलडोल महोत्सव का शुभारंभ कवि सम्मेलन के साथ हुआ। देशभर से आए कवियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं और श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी एवं भंडारी सुरेंद्र कुमार पाराशर ने बताया कि 18 से 20 मार्च तक आयोजित होने वाले महोत्सव को लेकर बुधवार रात्रि 10 बजे मनीष सुखवाल के संयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, प्रशासक राकेश कुमार आर्य, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, बरूंदनी प्रशासक गजेंद्र साहू एवं देवस्थान विभाग के सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कवि सम्मेलन की शुरुआत दौसा से आई कवयित्री सपना सोनी की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संजीव सजल, कानू पंडित, अंशुमान आजाद, मुन्ना बैटरी, सिद्धार्थ देवल, प्रभु प्रभाकर, दीपक पारीक, अजय हिंदुस्तानी एवं बाबू बंजारा ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कवियों ने वीर रस, देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, भक्ति एवं हास्य रस से भरपूर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संजीव सजल ने वीरता और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं, वहीं अंशुमान आजाद ने मेवाड़ी गौरव का भावपूर्ण चित्रण कर जोश भर दिया। सिद्धार्थ देवल ने आध्यात्मिकता से जुड़ी रचनाओं से वाहवाही लूटी, जबकि कानू पंडित की सामाजिक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया।

अजय हिंदुस्तानी ने राजस्थानी माटी के गौरव को दर्शाया, तो हास्य कवि दीपक पारीक ने अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया। गीतकार बाबू बंजारा ने भक्ति रस में डूबी प्रस्तुति देकर वातावरण को भावुक बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए मनीष सुखवाल ने भी अपनी प्रभावशाली पंक्तियों से सामाजिक मूल्यों पर चिंतन करने को प्रेरित किया।

# जर्जर सड़क को लेकर जनाक्रोश : एक माह में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

## बिजौलियां-शक्करगढ़ मार्ग की हालत बदतर, दुर्घटनाओं और आपात सेवाओं पर पड़ रहा असर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**शुभम जैन**



उपखंड क्षेत्र में बिजौलियां-शक्करगढ़ मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर अब आमजन का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। गुरुवार को क्षेत्रवासियों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर सड़क के शीघ्र नवनिर्माण की मांग की तथा एक माह में कार्य शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में बताया गया कि बिजौलियां से शक्करगढ़ तक का यह मार्ग जयपुर पहुंचने का प्रमुख एवं सबसे छोटा रास्ता है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चलाना जोखिमभरा बन गया है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे वाहन चालकों, छात्र-छात्राओं, किसानों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कुछ समय पूर्व एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाते समय खराब सड़क के कारण अत्यधिक झटकों से रास्ते में ही प्रसव हो गया। इसे लोगों ने सड़क की बदहाली और प्रशासनिक उदासीनता का गंभीर उदाहरण बताया।

इसके अलावा खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने से मरीजों की जान पर खतरा बना रहता है, जिससे क्षेत्र में रोष और चिंता का माहौल है।

यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, बावजूद इसके लंबे समय से सड़क की मरम्मत या सुदृढ़ीकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी एक माह के भीतर सड़क निर्माण या सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो चक्का जाम एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान दीपक मीणा, किशन खटीक, रणजीत सिंह कानावत, यशवंत पुगलिया, नारायण मीणा, रामफूल कहार, शौकीन जैन, दिग्विजय सिंह, विश्वास यादव, जितेश प्रजापत, राधेश्याम, ओमप्रकाश, मोहन, हरीश कुमार, दिनेश कुमार सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रथमाचार्य शान्तिसागर संत निलय का लोकार्पण, भक्ति और उत्साह का रहा माहौल

## मुनि वैराग्य सागर व मुनि सुप्रभ सागर के सान्निध्य में संपन्न हुआ समारोह, दानदाताओं का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**





**रमेश गुर्जर ।** दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में नवनिर्मित प्रथमाचार्य श्री शान्तिसागर संत निलय का लोकार्पण समारोह गुरुवार को धार्मिक गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुनि वैराग्य सागर एवं मुनि सुप्रभ सागर के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हुई, जिसमें मुख्य दानदाता आशा देवी, निखार एवं अंशुल जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। महिला मंडलों ने मंगलाचरण प्रस्तुत करते हुए पूर्वाचार्यों को अर्घ समर्पित किया। इसके बाद समाज के श्रेष्ठीजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मुनि वैराग्य सागर एवं मुनि सुप्रभ सागर का पाद प्रक्षालन किया गया।समारोह के दौरान मंदिर कमेटी द्वारा संतशाला निर्माण में सहयोग करने वाले प्रमुख दानदाताओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। लोकार्पण की रस्म समाज के श्रेष्ठी परिवार महावीर, मुकेश, चेतन एवं अनिल गोधा द्वारा संपन्न कराई गई।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुप्रभ सागर ने कहा कि नगर में लंबे समय से संतों के प्रवास हेतु संतशाला का अभाव था, लेकिन अब समाज की श्रद्धा और संतों की प्रेरणा से भव्य संत निलय का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने समाजजनों से मुनियों के प्रवास एवं चातुर्मास का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

वहीं मुनि वैराग्य सागर ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संदेश देते हुए कहा कि मुनियों के सान्निध्य से समाज को सही दिशा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलता है।

इस अवसर पर सकल जैन समाज की ओर से मुनियों को महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर नगर प्रवास हेतु श्रीफल भेंट किया गया। साथ ही कोटा प्रवासी श्रावक महावीर बगड़ा ने बड़ा मंदिर में विराजित चन्द्रप्रभु भगवान के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 6 से 13 जून तक सिद्धचक्र मंडल विधान आयोजन की घोषणा की।

कार्यक्रम में कोटा, झांतला, आरोली, छोटी बिजौलियां, सलावटिया, चांदजी की खेड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी, नया मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रकाश लुहाड़िया सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन पंडित बृजेश शास्त्री व कमलेश सोनी ने किया, जबकि अंत में बड़ा मंदिर कमेटी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# दिगंबर जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का ट्रॉफी अनावरण के साथ शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित दिगंबर जैन प्रीमियर लीग (डीजेपीएल) सीजन-3 का शुभारंभ ट्रॉफी अनावरण के साथ उत्साहपूर्वक हुआ। समारोह में मेंस व वूमेन्स क्रिकेट सहित बैडमिंटन, कैरम और चेस प्रतियोगिताओं की ट्रॉफियों का अनावरण किया गया।

शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का संकल्प लिया। आयोजन 22 मार्च तक महेश स्पोर्ट्स अकादमी में होगा, जिसमें पुरुष वर्ग की 12 और महिला वर्ग की 6 टीमें भाग ले रही हैं।

लीग मैच 6 ओवर, सेमीफाइनल 8 ओवर और फाइनल 10 ओवर का होगा। विजेताओं को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार दिए जाएंगे तथा मैचों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

अध्यक्ष पीयूष गोधा ने कहा कि यह मंच युवाओं को जोड़ने और उनकी प्रतिभा निखारने का माध्यम है। वहीं समाज अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने इसे एकता और सहभागिता बढ़ाने वाला आयोजन बताया। कार्यक्रम में समाजजन, प्रायोजक व बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र सेविका समिति ने 'स्व-बोध' संकल्प के साथ मनाया नववर्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**(पंकज पोरवाल)**।राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा महानगर द्वारा शास्त्री नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में 'स्व-बोध' विषय के साथ नववर्ष उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सेविकाओं ने आत्मचिंतन करते हुए समाज सेवा, संस्कार निर्माण और राष्ट्र समर्पण के संकल्प लिए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व वंदना से हुई। बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और राष्ट्र सेवा का महत्व बताया गया।

मुख्य अतिथि सुशीला स्वर्णकार ने मातृशक्ति से राष्ट्रप्रेम और युवा पीढ़ी में संस्कार जागृत करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सुशीला पारीक ने भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।अंत में सभी सेविकाओं ने स्व-बोध व संस्कृति को अपनाने का संकल्प लेकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



QUICK BITES

## महर्षि गौतम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



**( गजानंद जोशी)।** क्षेत्र के ब्रह्मपुरी में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा महर्षि गौतम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि गौतम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद बांके बिहारी मंदिर से बैंड-बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जयकारों के बीच आगे बढ़ी। शोभायात्रा के दौरान महिला और पुरुष भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते नजर आए, जिससे वातावरण उत्सवमय बन गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में समाजजनों द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोकेश शर्मा, मुकेश व्यास, महावीर चास्टा, गोविंद शर्मा, विजय शर्मा, विजय चास्टा, अभिषेक शर्मा, रोहित व्यास, कैलाश शर्मा सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## हिंदू नव वर्ष पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



सनातन धर्म उत्सव समिति की ओर से चैत्र प्रतिपदा 2083 का नव संवत्सर बड़े उत्साह से मनाया गया। नगर में ऊंट, घोड़े, पंजाब के मशक बैंड और नासिक से मंगाए गए विशेष ढोल की थाप पर गाजे-बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में देवनारायण भगवान कि झांकी, केसरिया रणबांकुरे, शिव-गौरी नृत्य, बाहुबली शंकर, हनुमान, वानर सेना, नृसिंह अवतार, महाराष्ट्रीयन ढोल पथक, राजस्थान दिवस पर आधारित झांकियां, कच्ची घोड़ी और गैर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रही। शोभायात्रा पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर गांधी बाजार, गांधी चौक, बड़ा मंदिर चौराहा, नरसिंह द्वारा मार्ग, ऊपरली हवेली होते हुए पंचायत समिति प्रताप सर्कल से सिविल लाइन स्थित रूप केसरी नगर पहुंची। यहां सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया । नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। विभिन्न संस्थाओं और संगठनों ने शीतल पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था की। शोभायात्रा का आयोजन सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज के सान्निध्य में हुआ। धर्म सभा में क्षेत्र कई संत शामिल हुए। समिति अध्यक्ष दिनेशकुमार सोनी ने संतों और महापुरुषों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विधायक जब्बरसिंह सांखला , भाजपा नगर अध्यक्ष अनिलसिंह तंवर, तीर्थराज सिंह, जगदीश कुमावत, सुरेश सोनी, दयाल जाट , देवीलाल साहू , अखिलेश वैष्णव सहित कई मातृशक्ति मौजूद रही।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बाण माता शक्तिपीठ गोवटा बांध में धूमधाम से हुआ नवरात्र घट स्थापना महोत्सव, लाखों का चढ़ावा

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

क्षेत्र के प्रसिद्ध बाण माता शक्तिपीठ मंदिर गोवटा बांध में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर घट स्थापना महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूल-मालाओं और विशेष सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शक्तिपीठ विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अमावस्या के दिन सुबह 10 बजे संस्थान पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दान पात्र खोला गया, जिसमें कुल 5 लाख 74 हजार 578 रुपए की सहयोग राशि प्राप्त हुई।

नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ गाजे-बाजे में घट स्थापना की गई। इस दौरान नियमित पूजा-अर्चना, गायत्री अनुष्ठान एवं शतचंडी यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।

महोत्सव के तहत आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला भी तय की गई है। पंचमी के अवसर पर 23 मार्च को प्रभात फेरियों का महासंगम होगा। वहीं 25 मार्च (बुधवार) को पाटोत्सव के तहत दोपहर 12:15 बजे हवनात्मक दुर्गा पाठ, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अष्टमी पर महारात्रि जागरण में श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव, सोनू भीलवाड़ा और अनु पांचाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। नवरात्र महोत्सव का समापन 27 मार्च को होगा, जिसमें सुबह 11:15 बजे छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। इसके पश्चात शोभायात्रा निकालकर मेनाली नदी पर पाती विसर्जन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।



संस्थान द्वारा लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए निशुल्क नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था भी निरंतर संचालित की जा रही है, जिसमें दानदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है। महोत्सव में राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, नंदकिशोर सनाढ्य, कन्हैयालाल धाकड़, अमरनाथ योगी, धनराज कुमावत, प्रमोद कुमार धाकड़, लादूलाल, बालूसिंह, खाना धाकड़, धर्मचंद जैन, शंभू सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कालिकाधाम मानपुरा में विधि-विधान से हुई चैत्र नवरात्र स्थापना, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

मेवाड़ एवं खेराड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र कालिकाधाम मानपुरा में चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया। पंडित नरेश जोशी ने मंत्रोच्चार के बीच घट स्थापना करवाई, जिसके बाद यज्ञ कुंड में आहुतियां देकर भक्तों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।मंदिर परिसर में नवरात्र महोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर कमेटी द्वारा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, भोजन, दर्शन एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट, विद्युत सज्जा एवं साफ-सफाई के साथ भक्तिमय रूप दिया गया है।



कालिकाधाम के भोपाजी देवानंद एवं पुजारी विष्णु-शंभू ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 मार्च से 28 मार्च तक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन माता रानी के साथ-साथ परिसर में विराजित बालाजी, महादेव जी, सगस बावजी एवं भैरूनाथ जी का विशेष फूल-मालाओं से श्रृंगार किया जाएगा।

महोत्सव के तहत 23 मार्च (पंचमी) को विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें महाप्रसादी, श्री चारभुजानाथ का बैवाण तथा माता रानी की भव्य सवारी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी, जिसमें बैंड-बाजों के साथ अमन ग्रुप कोटा के कलाकारों द्वारा शिव तांडव, कालिका माता, राधे-कृष्ण, शेरोवाली माता, बाहुबली हनुमान जी एवं भस्म आरती जैसी आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में नगर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। घट स्थापना के अवसर पर दिनेश जैन, कालूसिंह, कन्हैया कुमावत, हीरालाल जाट, केशव सोनी, विश्वानंद सोनी, अर्पित जैन, भेरू सेन, दुर्गा माली, शिवराज पांचाल, मांगीलाल खटीक, देवांश सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जय झूलेलाल' के जयघोष से गूंजेगा शाहपुरा, आज चेटीचंड महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**(मूलचंद पेसवानी)** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलालजी के जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव को लेकर शाहपुरा शहर में उत्साह चरम पर है। पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के तत्वावधान में शुक्रवार को यह पावन पर्व भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया जाएगा। शहर में जगह-जगह तैयारियां जोरों पर हैं और 'जय झूलेलाल' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, सचिव नरेश लखपतानी और कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 9 बजे दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर से नवयुवकों की भव्य वाहन रैली के साथ होगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट, त्रिमूर्ति स्मारक, सिंधी कॉलोनी, भीलवाड़ा रोड और बस स्टैंड से होती हुई संत कंवर राम धर्मशाला (पिवणिया तालाब के पास) पहुंचेगी। समापन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

रैली में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा या सफेद शर्ट का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। नवयुवकों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

दोपहर 3:30 बजे झूलेलाल मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें झंडारोहण, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, पारंपरिक छेज नृत्य तथा पूज्य



बहराणा साहब की पूजा-अर्चना शामिल है। यह आयोजन श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर करेगा।शाम 6:30 बजे झूलेलाल मंदिर से पूज्य बहराणा साहब अखंड ज्योति की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पिवणिया तालाब पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु, भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि और ढोल-नगाड़ों की गूंज आकर्षण का केंद्र रहेगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण रात्रि 8 बजे संत कंवर राम धर्मशाला में आयोजित आम भंडारा रहेगा, जिसमें समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

पंचायत पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि चेटीचंड केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सिंधी समाज की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश देता है।

## चैत्र अमावस्या पर चारभुजानाथ दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

### दुग्धाभिषेक, महाआरती व भजनों के बीच भक्तिमय माहौल, भेंट पात्रों में 42.58 लाख की प्राप्ति

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**(राजेंद्र बबलू पोखरना)।** मेवाड़ के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग गईं और दूर-दूर से आए भक्तों ने पदयात्रा कर प्रभु के चरणों में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रातःकाल भगवान का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद स्वर्णाभूषणों से सुसज्जित विशेष पोशाक धारण कराकर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।



श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए।

भारी भीड़ के चलते बाजारों में आवागमन प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस की माकूल व्यवस्था के चलते यातायात सुचारू बना रहा।

मंदिर परिसर में भजन कलाकारों द्वारा चारभुजानाथ व अन्य देवी-देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

मंदिर परिसर में रखे भेंट पात्रों को ट्रस्ट पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं की उपस्थिति में खोला गया, जिसमें नकदी की बड़ी राशि देखकर जयकारों से वातावरण गूंज उठा। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि इस माह भेंट पात्र, रसीद एवं ऑनलाइन माध्यम से कुल 42 लाख 58 हजार 116 रुपए प्राप्त हुए। साथ ही 300 मिलीग्राम सोना एवं 339 ग्राम 800 मिलीग्राम चांदी के आभूषण भी प्राप्त हुए।

शाम की संध्या आरती में भी भारी भीड़ उमड़ी, जिससे कई श्रद्धालुओं को बाहर खड़े होकर आरती करनी पड़ी। ट्रस्ट, पुलिस प्रशासन एवं स्वयंसेवकों ने दिनभर व्यवस्थाएं संभालते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराईं।


इसी अवसर पर आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 101 मरीजों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 29 को ऑपरेशन की सलाह दी गई, 12 को चश्मे एवं 14 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं।

# शाहपुरा का नाम बदलने की उठी मांग, साध्वी सरस्वती का बड़ा बयान

## 'रामस्नेही नगर' नाम रखने की अपील, धर्मसभा में गूंजे शस्त्र-शास्त्र के स्वर







**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

नवसंवत्सर के पावन अवसर पर धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर शाहपुरा इस बार एक बड़े बयान को लेकर सुर्खियों में आ गया। हिंदू नववर्ष समाजोत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा और धर्मसभा के बीच छिंदवाड़ा से पधारी साध्वी सरस्वती ने ऐसा मुद्दा उठाया, जिसने पूरे शहर में चर्चा की लहर दौड़ा दी।

हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित इस विशाल आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने माहौल को पूरी तरह भगवामय बना दिया। बैंड-बाजों की गूंज, डीजे की धुन और हाथों में लहराते भगवा ध्वजों के बीच निकली कलश यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों को भक्तिरस में डुबो दिया। हर ओर 'जय श्रीराम' के उद्घोष और आस्था का सैलाब उमड़ता नजर आया।

इसी मंच से साध्वी सरस्वती ने शाहपुरा के नाम को लेकर बड़ा बयान देते हुए इसे बदलने की मांग कर डाली। उन्होंने कहा, 'शाहपुरा नाम में 'शाह' शब्द हमारी संस्कृति और परंपरा से मेल नहीं खाता। यह भूमि किसी शाहजहां की नहीं, बल्कि रामभक्तों और धर्मप्रेमियों की पावन धरती है।' उनके इस बयान के बाद सभा में मौजूद लोगों के बीच हलचल और चर्चा तेज हो गई।

साध्वी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपील करते हुए कहा कि शाहपुरा का नाम बदलकर 'रामस्नेही नगर' किया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यहां रामस्नेही संप्रदाय के अनुयायियों की बड़ी संख्या निवास करती है, ऐसे में यह नाम पूरी तरह उपयुक्त और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ होगा।

अपने ओजस्वी संबोधन में साध्वी सरस्वती ने केवल नाम परिवर्तन की मांग तक ही बात सीमित नहीं रखी, बल्कि समाज को जागरूक करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल धार्मिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मरक्षा का ज्ञान भी बेहद जरूरी है। विशेष रूप से महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'हर माता-बहन को शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र का ज्ञान भी होना चाहिए। खाना बनाना आए या न आए, लेकिन तलवार चलाना जरूर आना चाहिए।'

उन्होंने देश की आंतरिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को सबसे बड़ा खतरा बाहरी शक्तियों से नहीं, बल्कि भीतर छिपे 'जयचंदों' से है, जो अपने स्वार्थ के लिए राष्ट्रहित से समझौता कर लेते हैं। ऐसे तत्वों से सावधान रहने का संदेश देते हुए उन्होंने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।


अपने भाषण के दौरान साध्वी ने ऐतिहासिक और धार्मिक मुद्दों को भी छुआ। उन्होंने कहा, 'अयोध्या तो अभी केवल झांकी है, मथुरा और काशी बाकी हैं।' हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें किसी धर्मस्थल से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे इस बात का विरोध करती हैं कि कई मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गईं। उन्होंने कहा कि धार्मिक सौहार्द बनाए रखते हुए भी इतिहास की सच्चाइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।


कार्यक्रम की शुरुआत गोमाता पूजन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। मैदान को तिरंगे और भगवा ध्वजों से सजाया गया था, जो राष्ट्रभक्ति और धर्मभाव का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा था। इस अवसर पर समाजोत्सव समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद जोशी, ब्रह्माकुमारी संगीता बहन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर कुमावत ने प्रभावी ढंग से किया।

कलश यात्रा और धर्मसभा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि शाहपुरा में धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था आज भी जीवंत है। नवसंवत्सर का यह आयोजन जहां एक ओर धार्मिक चेतना का संचार करता नजर आया, वहीं दूसरी ओर साध्वी सरस्वती के बयान ने शहर की राजनीति और सामाजिक चर्चाओं को भी नई दिशा दे दी है।

# भीलवाड़ा में निकली सिंधी एकता वाहन रैली, गूंजे 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारे

## चेटीचंड महोत्सव से पूर्व शहर हुआ भक्तिमय, जगह-जगह पुष्पवर्षा व स्वागत





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(मूलचन्द पेसवानी)**

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलालजी के 1077वें अवतरण दिवस 'चेटीचंड महोत्सव-2026' को लेकर शहर में उत्साह चरम पर पहुंच गया है। महोत्सव से एक दिन पूर्व गुरुवार को सिंधी समाज द्वारा निकाली गई विशाल 'सिंधी एकता वाहन रैली' ने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया।

चित्रकूट धाम से प्रारंभ हुई यह भव्य रैली नाथद्वारा सराय स्थित पूज्य दादा साहब हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर तक पहुंची। रैली को गोविंद धाम के महंत गणेशदास, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, महंत टेऊं राम भगत तथा सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश सभनानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों पर सवार समाजजन 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। लाल रंग-बिरंगी टोपियां पहने महिला, पुरुष और बच्चे भक्ति में सराबोर नजर आए। डीजे पर बजते झूलेलाल के भजन और पंजड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और आस्था से भर गया।

रैली शहर के विभिन्न मार्गों शास्त्रीनगर, पंचवटी, सिंधुनगर, गांधी बाजार, इंद्रा मार्केट, सूचना केंद्र एवं महाराणा टॉकीज सहित कई क्षेत्रों से होकर गुजरी। जगह-जगह समाजजनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और अल्पाहार से रैली का भव्य स्वागत किया गया।

रैली के समापन पर झूलेलाल मंदिर में संत-महात्माओं के सानिध्य में ध्वजवंदना एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे को गले मिलकर चेटीचंड की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और एकता का संदेश दिया।

रात्रि में मंदिर परिसर में आयोजित भव्य भजन संध्या में खाटू श्याम एवं भगवान झूलेलाल के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। बापू नगर सिंधी समाज द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

रैली संयोजक विनोद झुरानी ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य चेटीचंड पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शहर के मंदिरों को आकर्षक रोशनी एवं पुष्प सज्जा से सजाया गया है।

सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश सभनानी एवं मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने आयोजन की सफलता के लिए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं।

# बिजोलिया में हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि गौतम जयंती

## यज्ञ-हवन, शोभायात्रा और प्रतिभा सम्मान के साथ आयोजित हुए कार्यक्रम





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी**

कस्बे में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गोतम वाटिका में महर्षि गौतम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला और दिनभर विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः चारभुजा नाथ मंदिर चौक स्थित




गौतमालय में विधि-विधान से यज्ञ-हवन के साथ हुई। इसके पश्चात समाजजनों की उपस्थिति में मुख्य मार्गों से होते हुए इंद्रा कॉलोनी स्थित गोतम वाटिका तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिला एवं पुरुष एक समान वेशभूषा में शामिल हुए तथा भजन-कीर्तन के साथ नाचते-गाते आगे बढ़े, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा के पश्चात गोतम वाटिका में आमसभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

## QUICK BITES

### विश्व आयुर्वेद परिषद स्थापना दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, 42 मरीजों को मिला लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़**




चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नववर्ष एवं विश्व आयुर्वेद परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग एवं विश्व आयुर्वेद परिषद, चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वातरोग, उदर रोग, गुदा रोग, ज्वर, स्त्री रोग सहित विभिन्न समस्याओं से ग्रसित कुल 42 रोगियों का परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियों के साथ दिनचर्या, आहार-विहार एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर डॉ. संजय नागर ने कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है।

### आगूचा में हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदू नववर्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**




**(गोपाल)** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास एवं आगूचा द्वारा हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद सदस्यों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हनुमानजी मंदिर एवं गणेश मंदिर से 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के जयकारों के साथ हुई। परिषद सदस्यों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात शाखा सदस्यों ने गांव के प्रमुख चौराहे पर खड़े होकर राहगीरों एवं ग्रामीणों को तिलक लगाकर मिश्री, काली मिर्च, तुलसी एवं मीठी नीम के पत्तों से युक्त प्रसाद वितरित किया और नववर्ष की बधाइयां दीं। भोजरास पंचायत क्षेत्र के अन्य गांवों में भी परिषद सदस्यों द्वारा इसी प्रकार शुभकामना कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आगामी सत्र के लिए नए दायित्वधारियों के चयन को लेकर चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। सेवा संयोजक ने सभी सदस्यों से नववर्ष के अवसर पर अपने घरों के बाहर रंगोली बनाने एवं पांच दीपक प्रज्ज्वलित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर, सचिव अमर सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा, सेवा संयोजक अशोक कुमार अजमेरा, संपर्क संयोजक अशोक कुमार मानावत, पर्यावरण संयोजक राजू लाल जाट, रतन सिंह गहलोत, वरिष्ठ सदस्य भेरूलाल बलाई, शिवराज गोरा सहित मातृशक्ति की रेखा अजमेरा एवं कैलाश देवी टेलर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद ने मनाया हिंदू नववर्ष, तिलक कर वितरित किया प्रसाद

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**




विश्व हिंदू परिषद द्वारा हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उमराव सिंह सोलंकी के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान मिश्री व नीम का प्रसाद वितरण किया गया, जिसे परंपरा के अनुसार स्वास्थ्य एवं समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### अध्यापिका सुमन कंवर राठौड़ बनीं आरएएस, मेहनत और संकल्प से हासिल की सफलता

**शिक्षण कार्य के साथ जारी रखी तैयारी, अब जयपुर में लेंगी प्रशासनिक प्रशिक्षण**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। इसका ताजा उदाहरण ब्यावर जिले की मूल निवासी सुमन कंवर राठौड़ ने प्रस्तुत किया है, जिनका चयन राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरएएस परीक्षा-2023 के आधार पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा में हुआ है।

सुमन कंवर वर्तमान में भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र के पड़ासोली गांव स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी नौकरी के साथ-साथ प्रशासनिक सेवा में जाने के लक्ष्य को बनाए रखते हुए लगातार तैयारी जारी रखी और अंततः सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से शिक्षा विभाग सहित उनके पैतृक जिले ब्यावर में हर्ष का माहौल है।

परिवार में भी खुशी का माहौल है। उनके पिता शिवरतन सिंह राठौड़ एवं माता राज कंवर ने इस सफलता को गर्व का क्षण बताया। वहीं पीईईओ पड़ासोली शिव दर्शन सिंह खींची सहित सहकर्मियों ने भी उन्हें बधाई दी।

कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सुमन कंवर राठौड़ को राजस्थान प्रशासनिक सेवा नियम, 1954 के तहत परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्त किया गया है।

आदेशानुसार अब उन्हें जयपुर स्थित हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में फाउंडेशन कोर्स के लिए रिपोर्ट करना होगा। दो वर्ष की प्रोबेशन अवधि के दौरान वे प्रशासनिक कार्यप्रणाली की बारीकियां सीखेंगी, जिसके बाद उन्हें उपखंड मजिस्ट्रेट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देने का अवसर मिल सकेगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।